लाल किले पर होने वाले कार्यक्रम के लिए हुआ दो स्वयंसेवकों का चयन

संवाद न्यूज एजेंसी

दीप कुमार।

रश्मि।

अमरोहा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर लाल किले पर होने वाले कार्यक्रम में जिले के दो एनएसएस के स्वयं सेवकों को प्रतिभाग करने का मौका मिला है। जेएसएच कॉलेज ही नहीं, बल्कि पूरे रुहेलखंड विश्वविद्यालय से यहीं दो बच्चे चयनित हो हुए हैं। मंगलवार से दो दिन तक दोनों स्वयंसेवक दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे।

15 अगस्त के मौके पर दिल्ली में लाल किले की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ध्वजारोहण कर देश को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए देश भर से राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े स्वयंसेवकों का चयन भी किया गया है। जेएसएच कॉलेज के एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पीयूष शर्मा ने बताया कि कॉलेज से एनएसएस के स्वयं सेवक दीप कुमार और स्वयंसेविका रश्मि का चयन किया गया है। जोकि 13 अगस्त को दिल्ली पहुंचेंगे।

वहां प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होकर देश भर से पहुंचे स्वयंसेवकों से अपने अनुभवों को साझा करेंगे। बताया कि प्रदेश से कुल 12 स्वयंसेवकों का चयन किया गया है।